# संचालनालय, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

डी०के०एस० परिसर, रायपुर 492001,
फोन नं.(0771)2221640, फैक्स-2221641. ईमेल- cgayush@gmail.com

---

क्रमांक 1 / स्था / अराज / 2019 / 3984 रायपुर, दिनांक 11 SEP 2019

प्रति,

**नियंत्रक**
**छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल,**
**रायपुर (छ0ग0)**

**विषय**—फार्मासिस्ट आयुर्वेद (तृतीय श्रेणी) के रिक्त पदों पर भर्ती करने के संबंध में।
**संदर्भ**—आपका पत्र क्रमांक / व्यापम / 2019 / 2149 दिनांक 09.09.2019

——0——

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि फार्मासिस्ट आयुर्वेद (तृतीय श्रेणी) के रिक्त पदों पर भर्ती करने के संबंध में संक्षिप्त विज्ञापन का प्रकाशन हेतु संचालनालय पत्र क्रमांक 1 / स्था / अराज / 2019 / 3972 दिनांक 09.09.2019 के द्वारा आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय (विज्ञापन शाखा) को दो लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने हेतु ऑनलाईन प्रेषित किया जा चुका है।

अतः निर्देशानुसार छ0ग0 व्यापम की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु विस्तृत विज्ञापन के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर सहित विज्ञापन की प्रति चाही गई है। जो पत्र के संलग्न आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

<u>**संचालक द्वारा अनुमोदित**</u>

11.9.19

**प्र0संयुक्त संचालक**
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,
यूनानी,सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष)
छत्तीसगढ़

# संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष),छत्तीसगढ़

विज्ञप्ति कमांक / 1 / स्था. / अराज / 2019 /                                                  रायपुर, दिनांक

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के पत्र कमांक एफ–03 / 2016 / नौ / 55–3 दिनांक 27.02.2016 के परिपेक्ष्य में संचालनालय, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ के अधीन संस्थाओं में **(रायपुर / दुर्ग / बिलासपुर / बस्तर / सरगुजा संभाग अंतर्गत)** फार्मासिस्ट आयुर्वेद, सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छ0ग0 के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13.09.2019 (शुक्रवार) से 06.10.2019 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है।

परीक्षा कार्यकम निम्नानुसार हैः–

1. परीक्षा की तिथि – 04 नवम्बर 2019 (सोमवार)
2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 13.09.2019 (शुक्रवार)
3. ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि – 06.10.2019 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक

संभागवार एवं संवर्गवार रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार हैः–

### फार्मासिस्ट आयुर्वेद

| स0 क0 | संभाग का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों में से निःशक्त जनों के लिए आरक्षित पद | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना0 | अ0पि0व0 | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | अना0 | अ0पि0व0 | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | रायपुर | 1 | 0 | 5 (5 बैकलॉग) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 7 |
| 2 | दुर्ग | 0 | 0 | 2 (2 बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | बस्तर | 2 | 11 (10 बैकलॉग) | 56 (51 बैकलॉग) | 0 | 0 | 3 | 15 | 0 | 8 | 69 |
| 4 | बिलासपुर | 1 | 6 (5 बैकलॉग) | 13 (12 बैकलॉग) | 2 (2 बैकलॉग) | 0 | 1 | 3 | 0 | 3 | 22 |
| 5 | सरगुजा | 4 | 13 (10 बैकलॉग) | 36 (26 बैकलॉग) | 10 (8 बैकलॉग) | 0 | 3 | 10 | 2 | 5 | 63 |

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अनिवार्य अर्हताएं निम्नानुसार हैः—

| सं0क0 | पद का नाम | वेतनमान | अनिवार्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|
| 1 | फार्मासिस्ट आयुर्वेद | वेतन लेवल—6<br>25300 / — | 1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल / विश्वविद्यालय से उच्चतर माध्यमिक शाला प्रमाण—पत्र परीक्षा या (10+2) उत्तीर्ण या स्नातक पाठ्यक्रम का प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी शासकीय अथवा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से आयुर्वेद कम्पाउण्डर प्रशिक्षण कोर्स उत्तीर्ण अथवा डी0फार्मा आयुर्वेद उत्तीर्ण।<br>3. छत्तीसगढ़ सह चिकित्सा परिषद् अधिनियम 2001 के अधीन पंजीकृत हो। |

1.आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।

**2.आयु सीमा**

1 आयु दिनांक 01 जनवरी 2019 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष एवं शासन द्वारा समय—समय पर छूट के संबंध में जारी निर्देशों का पालन किया जायेगा।

2. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला /शासकीय उम्मीदवारों एवं दिव्यांगजन तथा अन्य वर्गो के उम्मीदवार जिन्हे उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी, उन्हे नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जावेगी।

3 किसी भी उम्मीदवार को किसी भी आधार पर या एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त भी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**3.नियम एवं शर्ते —**

1 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार के पास स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

2 उपलब्ध पदों के लिए दिव्यांगता की श्रेणी में OL (One Leg)/ BL (Both Leg) श्रेणी के दिव्यांग ही पात्र होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 27.09.2014 के अनुसार 40 प्रतिशत दिव्यांगता से ग्रसित अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

3 ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि कों आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है। आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरतें बाद में अभ्यर्थियों के द्वारा जन्मतिथि, वर्ग, विषय आदि में परिवर्तन मान्य नही होगा।

4 शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत् कर्मचारियों के लिए उनका आवेदन पत्र नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

5 पदो की संभावित रिक्तियों की संख्या में आवश्यकता अनुसार कमी या वृद्धि की जा सकती हैं

6 चयन के संबंध में नियुक्तिकर्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

7 किसी भी पद हेतु चयन प्रकिया किसी भी समय नियोक्ता द्वारा स्थगित, लंबित या निरस्त की जा सकती है।

8 ऑनलाईन आवेदन में कोई भी प्रमाण पत्र संलग्न नही करना है।

9 पात्रता के लिए अन्य नियम एवं शर्ते छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप होगी।

10 अभ्यर्थी समस्त जानकारी सावधानी पूर्वक सही रूप से भरें क्योंकि अभ्यर्थी की भरी हुई जानकारी के आधार पर मूल्यांकन कर मेरिट सूची तैयार की जावेंगी।

11 व्यक्तिगत/डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।

संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,
यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष),
छत्तीसगढ़